**कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक,**

**उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010**

**विषय: रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की दिनांक 21 जून, 2016 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त।**

********

इस मुख्यालय कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 21.06.2016 को श्री मोहिन्दर सिंह, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (ले.प.) की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री तरुण कुमार जाजोरिया, भा.र.ले.से.,<br>रक्षा लेखा वरिष्ठ उपमहानियंत्रक(प्रशा.) | सदस्य |
| 2. | श्री मुश्ताक अहमद, भा.र.ले.से.,<br>रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक(प्रशा.) | सदस्य |
| 3. | श्री सुन्दर विश्वनाथन, भा.र.ले.से.,<br>रक्षा लेखा सहायक महानियंत्रक(ले.प.) | सदस्य |
| 4. | श्री अरविन्द कुमार वानी, भा.र.ले.से.,<br>रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (ईडीपी) | सदस्य |
| 5. | श्री आर. रंगनाथन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.) | सदस्य |
| 6. | श्री जीतेन्द्र जोशी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.) | सदस्य |
| 7. | श्री राजू प्रसाद, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (ईडीपी) | सदस्य |
| 8. | श्री वी. के. पुरोहित, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेप.) | सदस्य |
| 9. | श्री सुभाष चन्द गुप्ता, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा.) | सदस्य |
| 10 | श्री श्रीनिवास शर्मा, सहायक निदेशक (रा.भा.) | सदस्य सचिव |

अन्य उपस्थित:

1. श्रीमती काकोली दत्ता, वरिष्ठ अनुवादक
2. श्रीमती बीना कुमारी, वरिष्ठ लेखापरीक्षक
3. श्री पंकज दलाल, कनिष्ठ अनुवादक
4. श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवादक

बैठक में निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया गया :-

**मद सं.:1** **दिनांक 31मार्च, 2016 को आयोजित बैठक के कार्यवृत की पुष्टि:**

समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक के कार्यवृत दिनांक 06 अप्रैल, 2016 के पत्र सं. 55018/5/81/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./26 के अंतर्गत सभी संबंधितों की जानकारी एवं यथा अपेक्षित कार्रवाई हेतु रक्षा लेखा महानियंत्रक की वैबसाइट पर अपलोड कर दिए गए थे । किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त नहीं हुए, अत: समिति द्वारा सर्व सम्मति से कार्यवृत की पुष्टि कर दी गई।

**मद सं.: 2 पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई :**

i) रिपोर्ट-रिटर्न संबंधी प्रपत्र अथवा उनके अग्रेषण पत्र, दावों एवं परिपत्रों/आदेशों के अग्रेषण पत्र हिंदी में जारी करना, रजिस्टरों और सेवा-पुस्तिकाओं में हिंदी में प्रविष्टियां तथा हिंदी में पत्राचार में वृद्धि :

समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णयानुसार रिपोर्ट-रिटर्न संबंधी अधिकतर अनुभागों में रिपोर्ट रिटर्न संबंधी प्रपत्र अथवा अग्रेषण पत्र, परिपत्र/आदेशों के अग्रेषण पत्र, नेमी कार्य आदि हिंदी में अथवा द्विभाषी रूप में किए जा रहे हैं। साथ ही, जिन अनुभागों के उक्त प्रपत्र एवं अग्रेषण पत्र द्विभाषी रूप में अपेक्षाकृत कम पाए गए हैं उन अनुभागों को शीघ्र हिंदी कक्ष की सहायता लेकर ऐसे प्रपत्रों/पत्रों को द्विभाषी/हिंदी में जारी करने का अनुरोध किया गया है।

समिति ने सुझाव दिया कि संबंधित अनुभागों में जाकर नेमी प्रकृति के या अन्य ऐसे कार्य जो अंग्रेजी में किए जा रहे हैं, जिन्हें हिंदी/ द्विभाषी में किया जा सकता है, का पता लगाया जाए। तत्पश्चात उनका हिंदी अनुवाद अथवा उन्हें द्विभाषी रूप में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मुख्यालय में हिंदी कार्य की मात्रा को बढ़ाने के लिए भविष्य में हिंदी प्रारूपों का अधिक प्रयोग किया जाए। रजिस्टरों और सेवा-पुस्तिकाओं में प्रविष्टियां हिंदी में की जाएं।

ii) जांच-बिंदु एवं व्यक्तिशः आदेश जारी करना

समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक में लिए गए निर्णयानुसार जांच-बिंदु बनाए गए हैं। इनके अंतर्गत हस्ताक्षरकर्ता यह सुनिश्चित करेगा कि धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले सभी कागज़ात द्विभाषी रूप में जारी हों तथा रजिस्टरों और सेवा-पुस्तिकाओं में प्रविष्टियां हिंदी में हों। राजभाषा नियमों के समुचित अनुपालन के लिए बनाए गए जांच बिंदुओं का प्रभावशाली ढंग से अनुपालन किया जा रहा है।

सदस्यों को अवगत कराया गया कि वर्तमान मे राजभाषा नियम 9 के अंतर्गत कार्यालय में प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियम 8(4) के तहत व्यक्तिशः आदेश जारी कर दिए गए हैं।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष/सभी अनुभाग(स्थानीय))**

**मद सं: 3 मार्च, 2016 तथा जून, 2016 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा :**

सदस्य सचिव ने समिति के दिसम्बर, 2015 तथा मार्च, 2016 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आंकड़ें प्रस्तुत किए तथा सूचित किया कि हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा करने पर पाया गया कि निम्नलिखित दो कार्यालयों के हिन्दी पत्राचार में पिछली तिमाही के मुकाबले गिरावट दर्ज की गई है।

| **संगठन का का नाम** | **भेजे गए हिंदी पत्रों की प्रतिशतता** | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **क क्षेत्र** | | **ख क्षेत्र** | | **ग क्षेत्र** | |
| | **12/15** | **03/16** | **12/15** | **03/16** | **12/15** | **03/16** |
| रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (द.प.क.), जयपुर | 91.7% | 90.7% | 89.26% | 86.70% | 83.42% | 79.5% |
| रक्षा लेखा नियंत्रक,(प्रशि.), पुणे | 88.53% | 78.22% | 93.22% | 90.92% | 83.33% | 57.89% |

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि इस संबंध में संबंधित कार्यालय को पत्र जारी कर दिया गया है। मुख्यालय कार्यालय पिछले माह की तुलना में हिन्दी पत्राचार में प्रगति दर्ज की गई है परन्तु कई अनुभाग निर्धारित लक्ष्य से अभी पीछे हैं। अतः निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पुनः आदेश दिए गए कि सभी प्रभारी अधिकारी व्यक्तिगत रूप से सुनिश्चित करें कि हिंदी में अधिकाधिक कार्य हों।

**(कार्रवाई: सभी र.ले.प्र.नि./र.ले.नि कार्यालय एवं मुख्यालय कार्यालय के सभी अनुभाग/हिंदी कक्ष)**

**मद सं.:4 हिंदी प्रशिक्षण की स्थिति :**

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि मुख्यालय कार्यालय में 24 आशुलिपिक तथा 13 लिपिक(सीधी भर्ती द्वारा) तैनात हैं जिनमें से 23 आशुलिपिकों तथा 10 लिपिकों को क्रमशः हिंदी आशुलिपि तथा हिंदी टंकण का ज्ञान प्राप्त है। शेष 01 आशुलिपिक को आगामी सत्र मे 'हिंदी आशुलिपि' हेतु नामित किया जाएगा एवं शेष लिपिकों को मुख्यालय में ही पत्राचार माध्यम से 'हिंदी टाइपिंग' प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

**(कार्रवाई : हिंदी कक्ष)**

**मद संख्या: 5 रक्षा लेखा विभाग में हिंदी पदों की स्थिति :**

संवर्ग समीक्षा के उपरांत हिंदी संवर्गीय प्राधिकृत पदों की स्थिति निम्न प्रकार है :

| | स्वीकृत पद | भरे गए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| **सहायक निदेशक(राजभाषा)** | 37 | 13 | 24 |
| **वरिष्ठ अनुवादक** | 35 | 35 | - |
| **कनिष्ठ अनुवादक** | 70 | 56 | 14 |

i) तदर्थ (Adhoc)हिंदी अधिकारियों के वरिष्ठ हिंदी अनुवादक पद पर प्रत्यावर्तन(Reversion) के उपरांत सहायक निदेशक(राजभाषा) के 24 पद रिक्त हैं।

इस परिप्रेक्ष्य में समिति ने सहायक निदेशक(रा.भा.) के भर्ती नियम को अंतिम रूप देने हेतु त्वरित कार्रवाई करने का सुझाव दिया। तदुपरांत सहायक निदेशक(रा.भा.) के रिक्त पद भरे जा सकते हैं।

ii) 15 कनिष्ठ अनुवादकों की पदोन्नति के उपरांत वरिष्ठ अनुवादक के सभी पद भरे हुए हैं।

iii) कनिष्ठ अनुवादकों के 56 पद भरे हुए हैं।

iv) प्रशासन अनुभाग के प्रतिनिधि ने समिति को सूचित किया कि कनिष्ठ अनुवादकों के रिक्त पदों को भरने के संबंध में कर्मचारी चयन आयोग एवं संबंधित क्षेत्रीय कर्मचारी चयन आयोग से डोजियर प्राप्त हुए हैं। नियुक्ति हेतु डोजियरों को संबंधित प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों को भेज दिया गया है। अब तक 16 कनिष्ठ अनुवादकों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

समिति ने सुझाव दिया कि कनिष्ठ अनुवादकों की 14 रिक्त पदों की भर्ती हेतु कर्मचारी चयन आयोग को तत्काल पुनः मांग-पत्र भेजा जाए।

**(कार्रवाई: सभी र.ले.प्र.नि./सभी र.ले.नि/प्रशा.-8, प्रशा-11 अनुभाग, (स्थानीय))**

**मद संख्या:6 रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण :**

वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित 25% लक्ष्य की प्राप्ति अर्थात कुल 11 कार्यालयों के निरीक्षण हेतु वर्ष 2016-17 में निम्नलिखित कार्यालयों को राजभाषा संबंधी निरीक्षण किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है :

| क्रम सं. | कार्यालय का नाम | क्रम सं. | कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | र.ले.प्र.नि. जी ब्लॉक, नई दिल्ली | 7. | रक्षा लेखा नियंत्रक, पटना |
| 2. | र.ले.प्र.नि. (अनु.एवं वि.), हैदराबाद | 8. | प्रधान लेखा नियंत्रक(फै.), कोलकाता |
| 3. | र.ले.प्र.नि. (वायुसेना), देहरादून | 9. | र.ले.प्र.नि.(द.क.), पुणे |
| 4. | र.ले.नि., सिकंदराबाद | 10. | र.ले.प्र.नि.(अफसर), पुणे |
| 5. | र.ले.नि. जबलपुर | 11. | र.ले.प्र.नि.(अनु. एवं.वि.), नई दिल्ली |
| 6. | र.ले.प्र.नि.(द.प.क.), जयपुर | | |

सभी नियंत्रक कार्यालयों को वर्ष 2016-17 के राजभाषा संबंधी निरीक्षण कार्यक्रम भेजने के निदेश दिए गए थे और इस संबंध में अधिकतर कार्यालयों से निरीक्षण कार्यक्रम प्राप्त हो गया है।

निरीक्षण समयोपरि संपन्न कराने हेतु कार्रवाई जारी है।

**(कार्रवाई: हिंदी कक्ष एवं संबंधित रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक)**

**मद संख्या:7 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :**

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा इस वर्ष निम्नलिखित कार्यालयों का निरीक्षण उनके समक्ष दर्शाई गई तारीखों को किया गया :

| क्र.सं. | कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तारीख |
|---|---|---|
| 1. | लेखा कार्यालय, आयुध निर्माणी, मुरादनगर | 06.06.2016 |
| 2. | रक्षा पेंशन संवितरण कार्यालय, शिमला | 08.06.2016 |
| 3. | स्थानीय लेखापरीक्षा (सेना), शिमला | 09.06.2016 |
| 4. | लेखा कार्यालय, सहायक दूर्ग अभियंता, मनाली | 15.06.2016 |
| 5. | रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, 'जी' ब्लॉक, नई दिल्ली | 17.06.2016 |

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा उक्त कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा समिति को दिए गए आश्वासनों की सूची अभी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**(कार्रवाई: हिंदी कक्ष एवं संबंधित रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक)**

**मद संख्या: 8 वार्षिक कार्यक्रम : 2016-17**

वर्ष 2016-17 का वार्षिक कार्यक्रम राजभाषा विभाग की वैबसाइट से डाउनलोड किया गया है। इसकी सूचना सभी प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों को प्रेषित कर दी गई है। विभिन्न मदों पर चर्चा की गई एवं इस संबंध में मुख्यालय कार्यालय के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किए गए है, निम्नलिखित हैं :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | हिंदी में मूल पत्राचार | 'क' क्षेत्र के लिए 100%, 'ख' क्षेत्र के लिए 100%, 'ग' क्षेत्र के लिए 65% |
| 2. | हिंदी में टिप्पण | 75% |
| 3. | हिंदी में टंकक, आशुलिपिक की भर्ती | 80% |
| 4. | हिंदी में डिक्टेशन | 65% |
| 5. | हिंदी प्रशिक्षण(भाषा, टंकण, आशुलिपि) | 100% |
| 6. | हिंदी पुस्तकों की खरीद | 50% |
| 7. | कंप्यूटर सहित सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की द्विभाषी रूप में खरीद | 100% |
| 8. | वैबसाइट द्विभाषी होना | 100% |
| 9. | नागरिक चार्टर तथा जन सूचना बोर्डो आदि का द्विभाषी रूप में प्रदर्शन | 100% |
| 10. | अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण | 25% |
| 11. | कार्यालय में स्थित अनुभागों का निरीक्षण | 25% |
| 12. | राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें | वर्ष में 04 बैठक (प्रति तिमाही एक बैठक |
| 13. | कार्यालय के ऐसे अनुभाग जहां सारा कार्य हिंदी में हो | कुल अनुभागों का 40% |

**(कार्रवाई: हिंदी कक्ष)**

**(श्रीनिवास शर्मा)**
**सहायक निदेशक (राजभाषा) सह सदस्य सचिव**